web: www.nyaysakshi.com

पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल

पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 26 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 88

## भीमताल में रोडवेज बस खाई में गिरी, 3 की मौत कई घायल

**नैनीताल । आरएनएस**



उत्तराखड़ के अल्मोड़ा से हल्द्वानी जा रही रोडवेज बस भीमताल-रानीबाग मोटर मार्ग पर आमडाली के पास 1500 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस बस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 24 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

भीमताल में हुए दर्दनाक बस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। दुर्घटना के बाद एनडीआरएफ (नेशनल डिसास्टर रिस्पांस फोर्स) और एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम भी मौके पर पहुंच गई हैं।

इन टीमों ने घायलों को निकालने और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्तपताल ले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निकाला जा रहा है।

भीमताल में हुए बस हादसे के बाद प्रशासनिक अमला पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। बचाव कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए 15 एम्बुलेंस हल्द्वानी भेजे गए हैं, ताकि घायल यात्रियों को जल्दी से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सके।

सीएम धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भीमताल के निकट बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार अत्यंत दु:खद है। स्थानीय प्रशासन को त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए निर्देशित किया है। बाबा केदार से सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं।

उत्तराखंड में हाल के दिनों में सडक़ हादसों में वृद्धि ने चिंता बढ़ा दी है। पिछले महीने नवंबर में अल्मोड़ा में एक और बड़ा हादसा हुआ था, जब यात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। इस दर्दनाक घटना में 36 लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह, 12 नवंबर को देहरादून में भी एक भयावह कार दुर्घटना हुई, जिसमें छह छात्रों की मौत हो गई थी।

## राजस्थान : करौली में बस की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**करौली । आरएनएस**



राजस्थान के करौली जिले में रात को एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया। यहां एक निजी बस और कार के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई है जबकि बस में सवार 15 यात्री भी जख्मी हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**घायलों की हालत नाजुक**

हादसा इतना गंभीर था कि कार और बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। नीलाभ सक्सेना, स्क्क बृजेश ज्योति उपाध्याय और गुमनाराम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कार और बस में फंसे लोगों को निकलवाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

मृतकों पति, पत्नी, बेटा-बेटी और एक महिला रिश्तेदार शामिल है। मृतकों की कार में मिले आधार कार्ड से सभी की शिनाख्त हुई है।

**मृतकों के नाम-** नयन कुमार देशमुख, अनीता (पत्नी), मनस्वी (बेटी), खुशदेव (बेटा), प्रीती भट्ट (रिश्तेदार)

**कैला देवी के दर्शन कर लौट रहे थे सभी**

बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश के इंदौर से कुछ लोग कार में सवार होकर कैला देवी के दर्शन करने गए थे। ये लोग देवी के दर्शन करके लौट रहे थे इसी दौरान कार हादसे का शिकार हो गई। मृतक इंदौर के मूल निवासी हैं जो वडोदरा में रह रहे थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भूकंप के झटकों से दहले रोहतक और आसपास के जिले, लोगों में दहशत

**रोहतक (आरएनएस)।** हरियाणा के रोहतक और उसके आसपास के जिलों में बुधवार को दोपहर करीब 12:28 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे लोग दहशत में अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। ये झटके करीब पांच सेकंड तक जारी रहे, और लोग एक-दूसरे को सचेत करते हुए सडक़ों पर आ गए। रोहतक के सेक्टर-4 समेत अन्य इलाकों में लोग पार्कों और खुली जगहों पर इक_ा हो गए, ताकि सुरक्षित रह सकें। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि कई घरों और इमारतों में रखे सामान भी हिलते हुए दिखाई दिए। हालांकि, भूकंप के केंद्र और इसकी तीव्रता की अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। अभी तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सतर्क रहें। भूकंप के बाद कुछ देर तक सामान्य जनजीवन में हलचल मच गई, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है। स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

### यूपी : रात में देर से घर पहुंची बहन और करने लगी झगड़ा, भाई ने पीट पीटकर मार डाला

**देवरिया (आरएनएस)।** यूपी के देवरिया से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां रुद्रपुर थाना क्षेत्र के लाला टोली में बीती रात एक भाई ने अपनी ही बहन के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हत्या का कारण मामूली विवाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच गई। वहीं एसपी विक्रांत वीर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और कहा कि 35 वर्षीय रानी गुप्ता के सगे भाई ब्रम्हा गुप्ता ने लोहे की रॉड से मार मारकर उसकी हत्या कर दी है। ब्रम्हा गुप्ता हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस टीम मौके से साक्ष्य इकट्ठा कर रही है। देर से घर आई बहन तो भाई ने कर दी हत्या मृतका की मां की तहरीर पर भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि रुद्रपुर के लाला टोली वार्ड की रहने वाली रानी गुप्ता रात करीब 9:30 बजे कहीं से घूम कर घर पहुंची। देर से घर आने को लेकर परिजनों ने उससे पूछताछ की तो वह उनसे झगडऩे लगी। उसी दौरान भाई ब्रम्हा ने टोका तो वह उससे भी उलझ गई। इससे नाराज भाई ने घर में रखे लोहे के राड से रानी पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात करीब 11:00 बजे रानी गुप्ता की मां सावित्री देवी ने पुलिस को जानकारी दी। एसपी विक्रांत वीर ने कहा कि घरेलू झगड़े में एक भाई ने लोहे के राड से मार कर बहन की हत्या कर दी है।

### ईडी-सीबीआई की मीटिंग हो गई, आतिशी को गिरफ्तार करने का बनाया गया प्लान- केजरीवाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुताबिक मुख्यमंत्री आतिशी को गिरफ्तारी किया जा सकता है। केजरीवाल को ये भी आशंका है कि आप के कई वरिष्ठ नेताओं पर रेड डाली जा सकती है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा, महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से ये लोग बुरी तरह से बौखला गए हैं। अगले कुछ दिनों में फर्जी केस बनाकर आतिशी जी को गिरफ्तार करने का इन्होंने प्लान बनाया है। उसके पहले 'आप' के सीनियर नेताओं पर रेड की जाएगी।

## बिहार : कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग का छात्र बना साइबर अपराधी, गिरफ्तार

**मोतिहारी (आरएनएस)।** बिहार में इन दिनों साइबर अपराध की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। पुलिस हालांकि साइबर अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर लगातार प्रयास में जुटी है। इस बीच, बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के एक छात्र को साइबर फ्रॉड के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड करने के आरोप में छतौनी थाना के बरियारपुर से हर्ष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। यह पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया का रहने वाला है और यहां आकर रह रहा था।

पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया गिरफ्तार युवक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग का छात्र है, जो कई माध्यम से फ्रॉड करता था। बताया गया कि यह मुख्य तौर पर कस्टम में पकड़े गए सामान को टेलीग्राम में फर्जी विज्ञापन बनाकर और प्रीपेड ऑर्डर का झांसा देकर पैसे की ठगी करता था। जब कुछ समय बीत जाता तब लोग ऑर्डर डिलीवरी के बारे में पूछते तो पेमेंट फेल होने या जीएसटी के नाम पर और पैसे की मांग करता।

गिरफ्तार युवक पर इसके टेलीग्राम पर पायरेटेड मूवी डाउनलोड करने का ग्रुप बनाने और इसके माध्यम से ही ट्रोजन वायरस लगा हुआ एपीके भेजने और लोगों का मोबाइल हैक करके फ्रॉड करने का भी आरोप है। फंसने से बचने के लिए फ्रॉड के पैसे दुकानों और अन्य व्यवसायियों के स्कैनर पर मंगाता था। इसी क्रम में शिकायत दर्ज होने पर उक्त व्यवसायियों का खाता भी फ्रीज हो जाता था।

मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गिरफ्तार छात्र के पास से एक रियलमी का एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ है जिसमें अभियुक्त द्वारा बनाए गए टेलीग्राम के सभी ग्रुप हैं। दूसरा बरामद वीवो का मोबाइल ट्रोजन वायरस युक्त पाया गया है।

**संध्या थिएटर भगदड़ मामला**

## अल्लू अर्जुन ने पीड़ित परिवार को दी 2 करोड़ रुपए की सहायता राशि

**हैदराबाद । आरएनएस**



पुष्पा 2 : द रूल के मेकर्स के साथ ही अभिनेता अल्लू अर्जुन ने 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में फिल्म के प्रीमियर शो के दौरान भगदड़ में दम तोडऩे वाली महिला और गंभीर रूप से घायल उनके बेटे की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। पीडि़त परिवार के लिए दो करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है।

यह घोषणा अल्लू अर्जुन के पिता और मशहूर निर्माता अल्लू अरविंद बुधवार को केआईएमएस अस्पताल में इलाज करा रहे भगदड़ में घायल श्री तेजा से मुलाकात के बाद की।

अल्लू अरविंद ने मीडिया को बताया कि 2 करोड़ रुपए का चेक तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष दिल राजू को सौंप दिया गया।

उन्होंने बताया कि लडक़े और उसके परिवार की मदद के लिए फिल्म यूनिट ने 2 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। अल्लू अर्जुन ने 1 करोड़ रुपए दिए हैं, वहीं फिल्म के निर्माता माइथ्री मूवीज ने 50 लाख रुपए की सहायता राशि दी है। फिल्म के निर्देशक सुकुमार ने भी परिवार को 50 लाख रुपए दिए हैं।

अल्लू अरविंद ने कहा, मैंने डॉक्टर्स से बात की और यह जानकर खुशी हुई कि बच्चा ठीक हो रहा है।

4 दिसंबर की घटना के दो दिन बाद अल्लू अर्जुन ने परिवार के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। उन्होंने लडक़े के इलाज के खर्च सहित परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया था।

घायल श्री तेजा के पिता भास्कर ने मंगलवार को बताया था कि उन्हें अल्लू अर्जुन से 10 लाख रुपए का डिमांड ड्राफ्ट मिला। अभिनेता के प्रबंधक भी लडक़े की स्थिति के बारे में अपडेट पाने के लिए परिवार के साथ संपर्क में हैं। परिवार को तेलंगाना सरकार और अल्लू अर्जुन दोनों से सहायता मिल रही है। भास्कर ने कहा कि सडक़ एवं भवन मंत्री वेंकट रेड्डी ने उन्हें 25 लाख रुपए का चेक दिया था। उन्होंने बताया था कि 20 दिनों के बाद उन्होंने अपने बेटे के शरीर में कुछ हलचल देखी। उसने अपनी आंखें भी खोली, लेकिन हममें से किसी को पहचाना नहीं।

अभिनेता अल्लू अर्जुन को संध्या थिएटर भगदड़ मामले में 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था और अगले दिन अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया गया था। चिक्कड़पल्ली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर मंगलवार को अल्लू अर्जुन से तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

## 12 लाख रुपए कीमत की 103.71 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित तीन गिरफ्तार

**जयपुर । आरएनएस**



नए साल के जश्न से पहले प्रोएक्टिव पुलिसिंग के तहत प्रदेश में एजीटीएफ एवं स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। एजीटीएफ की सूचना पर मंगलवार रात उदयपुर जिले की सुखेर थाना पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर 103.71 ग्राम एमडीएमए व तीन मोबाइल फोन जब्त किए है। जप्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी गई है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में गैंगस्टर्स, वांटेड क्रिमिनल एवं तस्करों के बारे में आ सूचना संकलन व धरपकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय से एजीटीएफ की विभिन्न टीमों को अलग-अलग शहरों में रवाना किया गया है।

आसूचना संकलन के दौरान टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार को मंगलवार को पुख्ता सूचना मिली कि तीन युवको के पास भारी मात्रा में ड्रग्स है जो अभी सूखेर थाना इलाके में है। इसके बारे में सूचना टीम ने तुरंत एसएचओ सुखेर को दी। भैरव गढ 200 फीट रोड पर तीन युवा उम्र के सन्दिग्ध लडके पुलिस को खड़े दिखाई दिए, जो आपस में बाते कर रहे थे। पुलिस वाहन देख कर अचानक वे हडबडा कर भागने लगे।

सुखेर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनो युवकों को रोककर भागने का कारण पूछा तो तीनों युवक कोई संतोषप्रद जबाव नही दे पाए। तीनो की गतिविधिया संदिग्ध लगने पर नाम पता पूछा तो एक ने आदिल छीपा पुत्र मोहम्मद अशफाक (22) पेशा प्राईवेट नौकरी निवासी देहली गेट, थाना कोतवाली चितौडगढ, दुसरे ने समीर छीपा पुत्र महबुब (22) पेशा पढाई निवासी छीपा मोहल्ला आयड, थाना भुपालपुरा जिला उदयपुर व तीसरे ने अपना नाम अब्बु फैजान पुत्र रसीद मोहम्मद (22) निवासी गणेष नगर पायडा थाना प्रतापनगर उदयपुर बताया।

तलाशी में आदिल के पास से 39.92 ग्राम एमडीएमए ड्रग, समीर के पास से 33.74 ग्राम एवं अब्बु फैजान के पास 30.05 ग्राम कुल 103 ग्राम 71 मिलीग्राम एमडीएमए ड्रग एवं तीन मोबाइल जब्त किये गए। मादक पदार्थ एमडी ड्रग कहां से खरीदा गया के बारे में पूछा गया तो तीनो ने बताया कि उनके पास ड्रग खरीदने के पैसे नहीं थे तो उन्होंने अपने ताऊ के लडक़े आसिफ की बुलेट बाइक अंजुमन मुखर्जी चौक निवासी लक्की उर्फ छोटा फरहान के पास गिरवी रख उससे ड्रग खरीदी है। जिसे वे आगे सप्लाई करने जा रहे थे।

अवैध मादक पदार्थ 103.71 ग्राम एमडीएमए ड्रग एवं तीनों मोबाइल जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जाकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों आदिल छीपा समीर छीपा एवं अब्बू फैजान से पुलिस इनके नेटवर्क एवं अन्य अपराधिक घटनाओं के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में एजीटीएफ से हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही, वहीं एसएचओ सुखेर हिमांशु सिंह एवं उनकी टीम का भी शानदार योगदान रहा।

## अफगानिस्तान में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में 15 लोगों की मौत

**काबुल**

अफगानिस्तान में पाकिस्तानी हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 15 लोग मारे गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार देर रात को किए गए हमलों में अफगानिस्तान के पकटिका प्रांत के बरमल जिले के कई इलाकों को निशाना बनाया गया और तालिबान के एक प्रशिक्षण केंद्र को नष्ट कर दिया गया। इन हमलों में सात गांवों पर बमबारी की गई, जिनमें लामन भी शामिल था, जहां एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान चली गई। इसके अलावा मुर्ग बाजार गांव भी पूरी तरह नष्ट हो गया।

इन हवाई हमलों ने अफगानिस्तान में चल रहे मानवीय संकट को और गहरा कर दिया है। इन हमलों से अफगानिस्तान के रिहायशी इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसमें लोगों की मौत भी हुई हैं। इस हमले से दोनों देशों के बीच संबंध और भी तनावपूर्ण हो गए हैं। पाकिस्तान रेडियो टेलीविजन के अनुसार, अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने हमले की निंदा की है और जवाबी कार्रवाई का वचन दिया है।अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने एक बयान में कहा, मंगलवार को पाकटिका के बरमल जिले में पाकिस्तानी सेना ने बमबारी की। पीड़ितों में से अधिकांश नागरिक थे, जिनमें वजीरिस्तानी शरणार्थी भी शामिल थे। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। इनमें बच्चे भी शामिल हैं।

## कजाकिस्तान के अक्ताऊ में प्लेन क्रैश : 67 यात्री और 5 क्रू मेंबर्स में से 12 की बचाई गई जान, घने कोहरे ने बढ़ाई मुश्किलें

**अक्ताऊ**



कजाकिस्तान के अक्ताऊ में बुधवार सुबह एक पैसेंजर प्लेन क्रैश हो गया। विमान में कुल 72 लोग सवार थे, जिनमें 67 यात्री और 5 क्रू मेंबर्स शामिल थे। अब तक 12 लोगों को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में कई लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।

**अजरबैजान से रूस जा रहा था विमान**

यह विमान अजरबैजान से रूस के चेचन्या प्रांत की राजधानी ग्रोज्नी जा रहा था। रिपोर्ट्स के अनुसार, घने कोहरे के चलते फ्लाइट का रूट बदला गया और इसे कजाकिस्तान के अक्ताऊ क्षेत्र में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।

**एयरपोर्ट पर कई चक्कर लगाने के बाद हुआ हादसा**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान ने क्रैश होने से पहले अक्ताऊ एयरपोर्ट के कई चक्कर लगाए। जब लैंडिंग संभव नहीं हो पाई, तो पायलट को इमरजेंसी लैंडिंग का निर्णय लेना पड़ा। लेकिन विमान एयरपोर्ट से लगभग 3 किमी दूर क्रैश हो गया।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि क्रैश के तुरंत बाद विमान में आग लग गई। बीबीसी के अनुसार, आग पर काबू पा लिया गया है।

**जांच शुरू**

विमान अजरबैजान एयरलाइंस का बताया जा रहा है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए कजाकिस्तान सरकार और संबंधित एजेंसियां जुट गई हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में घने कोहरे को हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

**मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी**

घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि लापता यात्रियों की तलाश जारी है।

यह हादसा विमानन सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े करता है और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

## जयपुर में लाल चंदन की तस्करी का भंडाफोड़, 100 किलो लकड़ी जब्त

**जयपुर । आरएनएस**

कर्नाटक वन विभाग की सूचना पर राजस्थान वन विभाग ने जयपुर में लाल चंदन की अवैध तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 100 किलो लकड़ी, चिप्स, बुरादा और तेल जब्त किया है। यह कार्रवाई जयपुर के शास्त्री नगर स्थित फर्म पर की गई, जो दक्षिण भारत से चंदन की लकड़ी मंगवाकर कर्नाटक में अवैध रूप से भेजने के धंधे में शामिल थी।मुख्य वन संरक्षक, जयपुर, राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि यह कार्रवाई वन्य उपज तस्करों के खिलाफ वन विभाग की सख्ती है। उन्होंने बताया कि फर्जी कागजात के सहारे चल रहे अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। चतुर्वेदी ने बताया कि कर्नाटक वन विभाग ने 19 दिसंबर 2024 को राजस्थान के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) को पत्र लिखकर जानकारी दी थी कि जयपुर की फर्म अवैध रूप से चंदन की लकड़ी और उसके उत्पादों की आपूर्ति कर रही है। इस फर्म के खिलाफ ठोस कार्रवाई के लिए 23 दिसंबर को निर्देश दिए गए।

इसके बाद 24 दिसंबर को मुख्य वन संरक्षक जयपुर राजीव चतुर्वेदी के निर्देशन और उप वन संरक्षक, जयपुर, वी. केतन कुमार के नेतृत्व में वन विभाग ने फर्म के पते पर दबिश दी गई। फर्म का पता लंकापुरी, शास्त्री नगर, जयपुर में दर्ज था, लेकिन वहां कोई कार्यालय नहीं मिला। इसके बाद ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल पर दिए गए पते और पुलिस थाना भट्टा बस्ती के सहयोग से फर्म के मालिक यूसुफ खान के मोबाइल नंबरों का ट्रेस कर विद्याधरनगर में फर्म का पता लगाया गया।

विद्याधरनगर स्थित मकान से 100 किलो चंदन की लकड़ी, चिप्स, बुरादा और तेल बरामद किए गए। इन उत्पादों के लिए कोई वैध पारपत्र (ट्रांजिट पास) उपलब्ध नहीं था। राजस्थान वन अधिनियम 1953 की विभिन्न धाराओं के तहत इन सभी सामग्री को जब्त कर लिया गया। यह फर्म लगभग तीन दशकों से फर्जी कागजात के आधार पर चंदन की लकड़ी तस्करी में शामिल थी। दक्षिण भारत से जयपुर मंगवाई गई लकड़ी को कर्नाटक में अवैध रूप से भेजा जाता था।

यह पहली बार हुआ है कि इस फर्म के खिलाफ इतनी बड़ी कार्रवाई ठोस साक्ष्यों के साथ की गई है। यह जब्ती राजस्थान में अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है। वन विभाग ने फर्म के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए बेहद अहम मानी जा रही है। इससे चंदन की लकड़ी के तस्करों पर नकेल कसने में मदद मिलेगी और अवैध व्यापार पर रोक लगाने का संदेश जाएगा।